1. That the FIRST PARTY shall remain in the service of the SECOND PARTY as a **Surveyor** for a period of one year commencing on day of and the ending on the day of ----------. It is specifically mentioned and agreed upon by both the parties that the contract of the FIRST PARTY with SECOND PARTY shall ipso-facto stand terminated on the last working day i.e. on ----------And information notice shall not be necessary.

2. The contractual amount of the FIRST PARTY will be Rs.**6030 /-** per month.

3. The service of the FIRST PARTY will be purely on temporary basis. The appointment is liable to be terminated in case the performance/conduct of the contract appointee is not found good or if a regular incumbent is appointed/posted against the vacancy for which the first party was engaged on contract.

4. Contractual **Surveyor** will be entitled for one day casual leave after putting in one month service. This leave can be accumulated upto one year. No leave of any kind is admissible to the contractual **Surveyor.** He will not be entitled for medical reimbursement and LTC etc. Only maternity leave will be given as per rules.

5. Unauthorized absence from the duty without the approval of the controlling Officer shall automatically lead to the termination of the contract. A contractual **Surveyor** will not be entitled for contractual amount for the period of absence from duty.

6. Transfer of a official appointed on contract basis will not be permitted from one place to another in any case.

7. Selected candidate will have to submit a certificate of his/her fitness from a Government/Registered Medical Practitioner. In case of Women candidates pregnancy beyond twelve weeks will render her temporarily unfit till the confinement is over. The women candidate should be re-examined for fitness from an authorized Medical Officer/Practitioner.

8. Contract appointee shall be entitled to TA/DA if required to go on tour in connection with his official duties at the same rate as applicable to regular counterpart official at the minimum of pay scale.

9. The Employees Group Insurance Scheme as well as EPF/GPF will not be applicable to the contractual appointee(s).

IN WITNESS the FIRST PARTY AND SECOND PARTY has herein to set their hands the day, month and year first, above written.

1. IN THE PRESENCE OF WITNESS:

1 ----------

(Name and full address)

2. ----------

(Name and Full Address) (Signature of the FIRST PARTY)

1. IN THE PRESENCE OF WITNESS:

1 ----------

(Name and full address)

2. ----------

(Name and Full Address) (Signature of the SECOND PARTY)

सामान्य प्रशासन विभाग

(डी अनुभाग)

अधिसूचना

शिमला–02, 11 मार्च, 2010

संख्याः जी0ए0डी0–डी0–7(जी)1–12 / 81–1.––हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, फण्डामैंटल रूल्ज के रूल 45 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस विभाग की अधिसूचना संख्याः जी0ए0डी0– डी0–7 (जी) 1–12 / 81, तारीख प्रथम जनू, 1994 द्वारा अधिसूचित और राजपत्र, हिमाचल प्रदेश (असाधारण) में 18 जुलाई, 1994 को प्रकाशित हिमाचल प्रदेश सरकारी आवास आबंटन (सामान्य पूल) नियम, 1994 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात्ः––

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सरकारी आवास आबंटन (सामान्य पूल) संशोधन नियम, 2010 है।

(2) ये नियम तुरन्त प्रभाव से प्रवृत्त होंगे।

1. **नियम 2 का संशोधन.––**हिमाचल प्रदेश सरकारी आवास आबंटन (सामान्य पूल) नियम, 1994 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् 'उक्त नियम कहा गया है) के नियम 2 के खण्ड (ट) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड (ठ) अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्ः––

''(ठ) "सचिव'' से सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है।

टिप्पणः विद्यमान उप खण्डों (ट), (ठ), (ड) और (ढ) को (ड), (ढ), (ण) और (त) के रूप में पुनः संख्याकित किया जाएगा।''

3. **नियम 3 का संशोधन.––**उक्त नियमों के नियम 3 के उप नियम (3) में, स्पष्टीकरण के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक जोड़े जाएंगे, अर्थात्ः––

परन्तु जिन अधिकारियों / कर्मचारियों के पास अपने नाम में या अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम से मकान है तो उन्हें सरकारी आवास आबंटित होने के पश्चात् इस तथ्य की सूचना प्रत्येक वर्ष जनवरी मास में निदेशक, सम्पदा / सम्पदा अधिकारी को विहित घोषणा द्वारा देनी होगी, ऐसा न करने पर यह मान लिया जाएगा कि उनके पास अपना मकान है और फण्डामैंटल रूल्ज के नियम 45 के उपबन्धों के अनुसार अंतिम वर्ग के लिए बढ़ाया गया अनुज्ञप्ति शुल्क उनसे प्रभारित किया जाएगा :

परन्तु यह और कि यदि किसी वैयक्तिक आबंटिती द्वारा मिथ्या सूचना दी गई है तो उसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी और साथ ही ऐसे आबंटन को रद्द कर दिया जाएगा :

परन्तु यह और भी कि निदेशक सम्पदा / सम्पदा अधिकारी, ऐसे अधिकारियों / कर्मचारियों जिनको वरिष्ठता पर या बिना बारी के आवास आबंटित किया गया है, को तब तक आबंटन आदेश जारी नहीं करेगा जब तक कि वे अपने मकान की बाबत विहित प्ररूप में शपथ पत्र के रूप में घोषणा प्रस्तुत नहीं कर देते।

4. **नियम 6 का संशोधन.––**उक्त नियमों के नियम 6 के उप नियम (3) के नीचे निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :––

''परन्तु यह कि सरकारी निवास आवास के आबंटन के लिए आवेदन केवल एक आबंटन वर्ष के लिए ही विधिमान्य होगा।''

5. नियम 7 का संशोधन.––उक्त नियमों के नियम 7 में, ''निदेशक'' शब्द जहां–जहां भी आता है, के स्थान पर ''सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार'' शब्द रखे जाएंगे।

6. नियम 8 का संशोधन.––उक्त नियमों के नियम 8 में,

(क) उप नियम (2) के नीचे निम्नलिखित परन्तुक जोड़े जाएंगे अर्थात् :––

''परन्तु सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति या मृत्यु के समय ऐसी पत्नी/पति/पुत्र या अविवाहित पुत्री हिमाचल प्रदेश सरकार में कार्यरत थी तथा उसके साथ रह रहा था/रह रही थी तथा पिछले तीन वर्षों से या उस स्थान पर नियुक्ति/स्थानान्तरण की तारीख से, जो भी सुसंगत हो, आवास किराया भत्ता नहीं ले रहा था/ले रही थी :

परन्तु यह और कि मृत्यु की दशा में, पति–पत्नी/प्रतिपाल्य को आवास आबंटित किया जा सकेगा, यदि वह आबंटित की मृत्यु की तारीख से एक वर्ष की अनुज्ञेय अवधि के भीतर सरकारी सेवा में नियुक्त हो जाता है :

परन्तु यह और कि सेवानिवृत्त/मृतक आबंटी का पति–पत्नी/प्रतिपाल्य सेवानिवृत्त या मृतक द्वारा अधिभोग में रखे परिसर की बाबत समस्त बकाया देयों को चुकता करेगा :

परन्तु यह और भी कि आवास के बिना बारी आबंटन हेतु आवेदन, विहित प्रपत्र में समर्थक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया जाएगा और ऐसा आवेदन केवल उस आबंटन वर्ष के लिए ही विधिमान्य होगा।''

(ख) उप नियम (9) (प) के द्वितीय परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित परन्तुक रखा जाएगा, अर्थात्:–

''परन्तु यह और कि उप खण्ड (i) के अधीन आवास के आबंटी को इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार अनुज्ञप्ति शुल्क संदत्त करेगा और समाचार पत्र या समाचार एजैंसी जिसमें वह नियोजित है, द्वारा उसे संदत्त आवास किराया भत्ता भी संदत्त करेगा/करेगी। इस बाबत उसे कोई भी छटू अनुज्ञये नहीं होगी।''

(ग) उप नियम (9) के खण्ड (iii) के नीचे परन्तुक में ''तदर्थ आबंटन'' शब्दों के पश्चात् परन्तु ''प्रत्येक वर्ग'' शब्दों से पूर्व ''दिए गए आबंटन वर्ष के दौरान'' शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

(घ) उप नियम (9) के खण्ड (iii) के नीचे परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित नए परन्तुक रखे जाएंगे, अर्थात् :––

''परन्तु यह और कि प्रैस संवाददाताओं के लिए केवलवर्ग–4 तक के बीस आवासों का अलग पूल होगा :

परन्तु यह और भी कि सरकारी आवास का आबंटन केवल प्रत्यायन की अवधि के लिए ही विधिमान्य होगा।''

7. नियम 10 का संशोधन.––नियम 10 के उप नियम (2) के अधीन स्पष्टीकरण 4 के नीचे विद्यमान परन्तुकों के स्थान पर निम्नलिखित नए परन्तुक रखे जाएंगे, अर्थात् :––

''परन्तु सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार किसी विशेष मामले में उप नियम (2) के अधीन अनुज्ञये अवधि से परे पूल्ड अनुज्ञप्ति शुल्क के चार गुणा के संदाय पर और आगे आवास रखे रखने के लिए, तीन मास से अनधिक अवधि के लिए, अनुज्ञात कर सकेगा :

परन्तु यह और कि मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार नितान्त अनुकम्पा परिस्थितियों में पूल्ड अनुज्ञप्ति शुल्क के आठ गुणा संदाय पर तीन मास से अनधिक अवधि के लिए आवास रखे रखने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा। तथापि मुख्य सचिव निम्नलिखित चार्ट के अनुसार किराए के संदाय पर छह मास से अनधिक अवधि के लिए आवास रखे रखने के लिए अनुज्ञा भी दे सकेगा :––

1.	वर्ग–1	3000/– रूपए प्रतिमास
2.	वर्ग–2	6000/– रूपए प्रतिमास
3.	वर्ग–3	9000/– रूपए प्रतिमास
4.	वर्ग–4	12000/–रूपए प्रतिमास
5.	वर्ग–5	15000/– रूपए प्रतिमास
6.	वर्ग–6	18000/– रूपए प्रतिमास
7.	वर्ग–7 और इससे ऊपर	30000/– रूपए प्रतिमास

परन्तु यह और कि विस्तारण हेतु आवेदन प्राधिकृत अवधि के अवसान से एक मास पूर्व देना होगा :

परन्तु यह और कि विस्तारण पत्र केवल कुल किराए को अग्रिम में प्राप्ति के पश्चात् ही जारी किया जाएगा। कुल किराए को जमा करने में असफल रहने की दशा में, बेदखली की कार्य–वाहियां तुरन्त प्रारम्भ की जाएंगी जो तीन मास के भीतर पूर्ण कर ली जाएगी :

परन्तु यह और कि यदि कोई आबंटी शैक्षणिक सत्र के मध्य में स्थानान्तरित या सेवानिवृत्त हो जाता है/जाती है और उसके बच्चे, उसकी वर्तमान तैनाती के स्थान पर, यथास्थिति, स्कूल /महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हों तो आबंटी को प्रत्येक मामले में गुणागुण आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा उस चालू शैक्षणिक वर्ष के समाप्त होने तक, सम्बन्धित संस्थान से इस प्रभाव का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के अध्यधीन, आवास को रखे रखना अनुज्ञात किया जा सकेगा। ऐसे मामले में प्रभार्य अनुज्ञप्ति शुल्क नियमों के अधीन अनुज्ञात छूट की अवधि से परे की अवधि के लिए पूल्ड मानक अनुज्ञप्ति शुल्क के, यथास्थिति, सेवानिवृत्ति या स्थानान्तरण की दशा में, चार गुणा होगी :

परन्तु यह और कि अधिकारी/कर्मचारी जो भारत से बाहर विदेश सेवा और भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति पर, भारत में और भारत से बाहर विदेश में अध्ययन अवकाश पर जाता है तो किसी अधिकारी/कर्मचारी के सम्बन्धित विभाग द्वारा सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व अनुमोदन से ऐसे आदेशों के निबन्धनों और शर्तों में यह उपबन्ध करना अपेक्षित है कि वह सरकारी निवासीय आवास यदि कोई आबंटित किया गया है, को केवल नियमों के उपबन्धों के अनुसार ही अपने परिवार के वास्तविक प्रयोजन के लिए रख सकता है :

परन्तु यह और भी कि उपरोक्त वर्णित दशाओं में अधिकारियों/कर्मचारियों को यह शपथ पत्र देना होगा कि उन्हें आबंटित सरकारी आवास का उपयोग केवल उनके परिवार वास्तविक प्रयोजन के लिए ही करेंगे और यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि आवास का उपयोग उनके परिवार के वास्तविक प्रयोजन के लिए नहीं किया जा रहा है, तो सरकार किसी अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई, जो उसके विरूद्ध की जा सकेगी पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, आवासका आबंटन रद्द कर सकेगी ।

8. नियम 15 का संशोधन.––नियम 15 का लोप किया जाएगा।

9. नियम 18–अ का संशोधन.––उक्त नियमों के नियम 18–अ के उप नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:––

''(1) जब इन नियमों में अन्तर्विष्ट किसी उपबन्ध के अधीन आबंटन रद्द किया जा चुका है या रद्द समझा गया है, उसके पश्चात् ऐसा आवास जिसको आबंटित किया गया था, के अधिभोग या उसके माध्यम से दावा करने वाले व्यक्ति के अधिभोग में रहता है तो ऐसे अधिकारी/कर्मचारी से आवास के प्रयोग और अधिभोग के लिए सेवाएं, फर्नीचर और बगीचा प्रभारों,जो 18/–रूपए प्रति वर्ग फुट की दर से संगणित किए जाएगें, के लिए नुकसानी सदत करने का दायी होगा।''

10. नियम 19 का संशोधन.––उक्त नियमों के नियम 19 में,

(क) उप नियम (1) के खण्ड (iii) के पश्चात निम्नलिखित खण्ड अन्तःस्थापित किए जाए अर्थात्:––

''(iv) सर्वेन्ट क्वार्टर पूल
(v) गराज पूल।''

(ख) उप नियम 3 के खण्ड (ग) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा,अर्थात्:––

''(घ) वर्ग–4 और इससे ऊपर के आवास के लिए हकदार अधिकारी सर्वेन्ट क्वार्टर और गराज के पात्र होंगें। आबंटन नियम 19 के अधीन आबंटन सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा।''; और

(ग) उप नियम (6) के खण्ड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्––

परगमन (ट्रांजिट) आवास का अनुज्ञप्ति शुल्क निम्न प्रकार से प्रभारित किया जाएगाः––

(i)	सांझी शौचालय सुविधा सहित एक कमरे वाला आवास (वर्ग–IV कर्मचारियों के लिए)	80 / –रूपए प्रतिमास।
(ii)	अलग शौचालय की सुविधा सहित एक कमरे वाला आवास (वर्ग–III एवं IV कर्मचारियों के लिए)	140 / –रूपए प्रतिमास।
(iii)	दो कमरे वाला आवास (वर्ग–III कर्मचारियों के लिए) ।	260 / –रूपए प्रतिमास।
(iv)	दो कमरे वाला आवास (वर्ग–I एवं वर्ग–II कर्मचारियों के लिए)	400 / –रूपए प्रतिमास।
(v)	सर्वेन्ट क्वार्टर	80 / –रूपए प्रतिमास।
(vi)	गराज	80 / –रूपए प्रतिमास।

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
सचिव।

––––––––

[Authoritative English Text of this Department's Notification No.GAD-D-7(G)1-12/81-I, dated the 11-03-2010 as required under Clause(3) of article 348 of the Constitution of India].

GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT
(Section-D)

NOTIFICATION

Shimla-2, the 11th March, 2010

No. GAD-D-7(G)1-12/81-I.—In exercise of the powers conferred under rule 45 of the Fundamental Rules, the Governor, Himachal Pradesh, is pleased to make the following rules further to amend the Himachal Pradesh Allotment of Government Residences (General Pool) Rules,1994,

notified vide this Department's notification No.GAD-7(G)1-12/81, dated the Ist June,1994 and published in Rajpatra,Himachal Pradesh (Extra Ordinary) on 18th July,1994 namely:—

1. *Short title and Commencement.—(*1) These rules may be called the Himachal Pradesh Allotment of Government Residences(General Pool) Amendment Rules, 2010.

(2) These rules shall come into force with immediate effect.

2. *Amendment of Rule-2.*— In Rule-2of the Himachal Pradesh Allotment of Government Residences(General Pool) Rules,1994(hereinafter, referred to as the said rules), after clause(k), the following new clause(L) shall be inserted:—

"(L)"Secretary" means Secretary(GAD) to the Government of Himachal Pradesh".

NOTE.—The existing sub-clauses l,m,n & o shall be re-numbered as 'm', 'n', 'o' & 'p'.

3. *Amendment of Rule-3.*—In Rule-3 of the said rules,in sub rule(3),after Explanation, following provisos shall be added:—

"Provided that the officers/officials who owns a house either in his name or in the name of any member of his family after the allotment of Government accommodation shall have to notify the fact to the Director of Estates/Estate Officer every year in the month of January in the shape of declaration prescribed failing which it will be presumed that they have their own house and the enhanced license fee of last category in accordance with the provisions of Rule-45 of the Fundamental Rules shall be charged:

Provided further that, in case, any false information is supplied by any individual allottee, disciplinary action will be taken against him and simultaneously such allotment will be cancelled:

Provided further that the Director of Estates/Estate Officers shall not issue any allotment orders to the officers/officials who have been allotted accommodation on seniority or on out of turn basis unless they submit a declaration regarding their own house on the prescribed proforma in the shape of an affidavit."

Amendment of 4. In Rule-6 of the said rules, below sub-rule(3), following Rule-6 proviso shall be added:—

"Provided that the applications for allotment of Govt. residential accommodation will be valid for one allotment year only."

5. *Amendment of Rule-7.*—In Rule-7 of the said rules, the word 'Director' wherever appearing, shall be substituted by "Secretary" (GAD) to the Govt. of Himachal Pradesh".

6. **Amendment of Rule-8.—**In Rule-8 of the said rules—

(a) below sub-rule(2), the following proviso's shall be added; namely:—

"Provided that such wife/ husband/ son or unmarried daughter was serving the H.P.Government at the time of retirement or death of the Govt. servant and residing with him/her and not claiming HRA for the last 3 years or since the date of appointment/transfer in the station whichever is relevant:

Provided further that in case of death, the spouse/ward may be allotted accommodation if he is appointed to Govt. service within the permissible period of one year from the date of death of the allottee.

Provided further that the spouse/ward of the retired/deceased allottee shall clear all the outstanding dues in respect of premises occupied by the retiree or deceased.

Provided further that the application in prescribed proforma for allotment of accommodation on out of turn basis will be submitted alongwith the supporting documents and such application shall be valid for that allotment year only.

(b) In sub rule-9 (i), for proviso-2, the following proviso shall be substituted as under:—

"Provided further that an allottee of accommodation under sub-clause(i) shall pay the license fee as per provisions of these rules and shall also pay the house rent allowance paid to him/her by the Newspaper or News Agency in which he/she is employed. No exemption in this regard shall be permissible;"

(c) In proviso below clause (iii) of sub-rule(9) after the words "each category" but, before the word, sign and roman figure "Type-IV", the words "during the given allotment year" shall be inserted.

(d) In sub rule-(9), after proviso below clause(iii), following new proviso's shall be added; namely:—

"Provided further that there will be a separate pool for Press Correspondents having 20 residences upto Type-IV only:

Provided further that allotment of Govt. accommodation shall be valid only for the period of accreditation.

7. **Amendment of Rule-10.—** Below Explanation-4 under sub-rule(2) of Rule-10, for the existing proviso's, the following new provisos shall be substituted; namely:—

"Provided further that the Secretary(GAD) to the Govt. of Himachal Pradesh may allow further retention in a special case beyond the permissible period under sub-rule(2), for a period not exceeding 3 months on payment of four times of the pooled license fee:

Provided further that the Chief Secretary, Himachal Pradesh Government may allow further retention on extreme compassionate grounds for a period not exceeding 3 months on payment of 8 times of the pooled license fee. However, Chief Secretary may allow further retention for a period not exceeding 6 months on payment of rent as per following chart:—

1.	Type-I	Rs. 3,000/-PM
2.	Type-II	Rs. 6,000/-PM
3.	Type-III	Rs. 9,000/-PM
4.	Type-IV	Rs. 12,000/-PM
5.	Type-V	Rs. 15,000/-PM
6.	Type-VI	Rs. 18,000/-PM
7.	Type-VII & above	Rs. 30,000/-PM

Provided further that the application for extension shall be given one month before the expiry of the authorized period:

Provided further that the extension letter shall be issued only after receipt of total rent in advance. In case of failure to deposit the total rent, eviction proceedings shall be initiated immediately which shall be completed within three months:

Provided further that if any allottee is transferred or retires in the mid-academic session and his/her children are receiving education in School/College or University, as the case may be, at the place of his/her present posting, the allottee may be allowed by the Department in G.A.D. on the basis of merits of each case to retain the accommodation till that current academic year is completed subject to production of certificate from the concerned institution to this effect. License fee chargable in such case will be four times of the pooled standard license fee for the period beyond the concessional period permitted under the rules in cases of retirement or transfer, as the case may be:

Provided further that in case of officer/official who proceeds on foreign service abroad and on deputation out side India, study leave in India and abroad, the department concerned of any officer/official are required to make the provision in terms and conditions of such orders with prior approval of the Government in General Administration Department that he/she can retain the Government residential accommodation, if any allotted only for the bonafide purpose of his/her family as per provisions of the rules:

Provided further that officers/officials in the events mentioned above shall furnish an affidavit that the Government accommodation allotted to him/her shall be used only for the bonafide purpose of his/her family and in case it is found at any time that the accommodation is not used for the bonafide purpose of his/her family, the Government may without prejudice to any other disciplinary action that may be taken against him/her, cancel the allotment of residence."

8. *Amendment of Rule-15.*—Rule-15 shall be deleted.

9. *Amendment of In Rule-18A.*—Rule-18A of the said rules, for sub rule(1), the following shall be substituted, namely:—

"Whereafter an allotment has been cancelled or is deemed to be cancelled under any provision contained in these rules, the residence remains, in occupation of the officer/official to whom it was allotted or a person claiming through him, such officer/official shall be liable to pay damages for use and occupation of the residence, services, furniture and garden charges calculated at the rate of Rs.18/- per sq. foot."

10. *Amendment of In Rule-19.*—Rule-19 of the said rules,

(a) in sub rule(1),after clause (iii),following clause shall be inserted, namely:-

"(iv) Servant Quarter Pool

(v) Garage Pool";

(b) In sub rule 3, after clause(c), following clause shall be inserted,namely:—

(d) "The officers entitled for type-IV and above accommodation shall be eligible for the allotment of a servant quarter and garage. The allotment under Rule-19 shall be made by the Secretary(GAD) to the Govt. of H.P"; and

(c) In sub-rule-6, for clause(b), the following shall be substituted, namely:—

"The license fee of Transit Accommodation shall be charged as under:

(i)	Single room accommodation with common latrines(for Class-IV employees)	Rs.80/-P.M.
(ii)	Single room accommodation with separate latrines(for Class-III & IV employees)	Rs.140/-P.M.
(iii)	Double room accommodation(for Class-III employees)	Rs.260/-P.M.
(iv)	Double room accommodation(for Class-I & II Officers)	Rs.400/-P.M.
(v)	Servant Quarter	Rs.80/-P.M.
(vi)	Garage	Rs.80/-P.M".

By order,
Sd/-
Secretary.

हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय

निर्वाचन की सूचना

शिमला–171004, 9 मार्च, 2010

प्ररूप–1
(नियम–3 देखिए)

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :

(1) हिमाचल प्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के लिए सदस्य का निर्वाचन होना है;

(2) नाम निर्देशन–पत्र रिटर्निंग ऑफिसर (सचिव, हिमाचल प्रदेश विधान सभा) या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (अवर सचिव, हिमाचल प्रदेश विधान सभा) को अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा 16 मार्च, 2010 (मंगलवार) से अपश्चात् (लोक अवकाश के दिन से भिन्न) किसी दिन 11.00 बजे पूर्वाह्न और 3.00 बजे अपराह्न के मध्य सचिव, हिमाचल प्रदेश विधान सभा के कमरे (प्रशासनिक भवन) शिमला–171004, में परिदत्त किए जा सकेंगे;

(3) नाम निर्देशन–पत्र के प्रारूप पूर्वोक्त स्थान और समय पर अभिप्राप्त किए जा सकेंगे;

(4) नाम निर्देशन–पत्र संवीक्षा के लिए सचिव, हिमाचल प्रदेश विधान सभा, शिमला–171004 के कमरे (प्रशासनिक भवन) में 17 मार्च, 2010 (बुधवार) प्रातः 11.00 बजे लिए जाएंगे;

(5) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना अभ्यर्थी या उसके प्रस्थापक या उसके निर्वाचन अभिकर्त्ता द्वारा (जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो) ऊपर पैरा (2) में विनिर्दिष्ट ऑफिसरों में से किसी को उसके कार्यालय में 19 मार्च, 2010 (शुक्रवार) को 3.00 बजे अपराह्न से पूर्व परिदत्त की जा सकेगी;

(6) निर्वाचन लड़े जाने की दशा में 26 मार्च, 2010 (शुक्रवार) की प्रातः 9.00 बजे और अपराह्न 4.00 बजे के बीच मतदान होगा।

हस्ताक्षरित,
रिटर्निंग ऑफिसर,
हिमाचल प्रदेश से राज्य सभा
के निर्वाचन के लिए।

शिमला–171004
तारीख : 9 मार्च, 2010

————————

HIMACHAL PRADESH VIDHAN SABHA SECRETARIAT

NOTICE OF ELECTION

Shimla-171004, the 9th March, 2010

Form No.-1
(*See Rule*-3)

Notice is hereby given that :

1. An election is to be held of a Member to the Council of States by the elected members of the Himachal Pradesh Legislative Assembly.

2. Nomination papers may be delivered by a candidate or any of his proposer to the Returning Officer (Secretary, Himachal Pradesh Vidhan Sabha) or Assistant Returning Officer Under Secretary, Himachal Pradesh Vidhan Sabha in the room of Secretary, Himachal Pradesh Vidhan Sabha (Administrative Block), Shimla-171004, between 11.00 A. M. and 3.00 P.M. on any day (other than public holiday) not later than 16th March, 2010 (Tuesday).

3. Forms of nomination paper may be obtained at the place and times aforesaid;

4. Nomination papers will be taken up for scrutiny in the room of the secretary, Himachal Pradesh Vidhan Sabha (Administrative Block), Shimla-171004 on the 17th March, 2010 (Wednesday) at 11.00 A. M.

5. Notice of withdrawal of candidature may be delivered either by a candidate or his proposer or his election agent (who has been authorized in writing by the candidate to deliver it) to either of the officers specified in paragraph (2) above at his office before 3.00 P. M. on the 19th March, 2010 (Friday);

6. In the event of the election being contested, the poll will be taken on the 26th March, 2010 (Friday) between the hours 9.00 A. M. and 4.00 P. M.

Sd/-
Returning Officer,
For election to the Council of State,
Himachal Pradesh.

Shimla-171004.
Dated : the 9th March, 2010

ब अदालत श्री वाई0 पी0 एस0 वर्मा (हि0 प्र0 से0), मैरिज ऑफिसर एवं उप–मण्डल दण्डाधिकारी, भोरंज, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

श्री मेहर सिंह पुत्र श्री भोला राम, गांव मुण्डखर, डा0 मुण्डखर, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश।

श्रीमती गीता पुत्री श्री नूप राम, गांव दलानी, डा0 गलानी, तहसील कुमारसेन, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश।

बनाम

आम जनता

प्रार्थना–पत्र अधीन धारा 16 ऑफ स्पैशल मैरिज ऐक्ट, 1954 के अन्तर्गत शादी पंजीकरण करने बारे।

उपरोक्त मुकद्दमा में श्री मेहर सिंह व गीता ने दिनांक 5–10–2009 को हिन्दू रीति–रिवाज के अनुसार सन्तोषी माता मन्दिर लदरौर में शादी कर ली है, जिसे स्पैशल मैरिज ऐक्ट, 1954 के अन्तर्गत पंजीकृत किया जाना है।

अतः आम जनता एवं उनके रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि उक्त शादी पंजीकरण करने बारा किसी व्यक्ति को कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 31–3–2010 को सुबह 10.00 बजे या इससे पहले असालतन या वकालतन हाजर अदालत होकर पेश करें अन्यथा शादी पंजीकरण करने बारे आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 19–2–2010 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।

मोहर। वाई0 पी0 एस0 वर्मा,
मैरिज ऑफिसर एवं उप–मण्डल दण्डाधिकारी,
भोरंज, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश।

ब अदालत श्री रविन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, ढटवाल स्थित बिझड़, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

श्री ज्ञान सिंह पुत्र श्री राम सिंह, वासी टीका कच्छवीं, तप्पा व उप–तहसील ढटवाल, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश ..... प्रार्थी।

बनाम

आम जनता

विषय.––प्रार्थी के नाम की दरुस्ती बारे प्रार्थना–पत्र।

प्रार्थी श्री ज्ञान सिंह पुत्र श्री राम सिंह, वासी टीका कच्छवीं, तप्पा व उप–तहसील ढटवाल, जिला हमीरपुर ने इस न्यायालय में अपने नाम की दरुस्ती हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने इस बारे शपथ–पत्र भी प्रस्तुत किया है। प्रार्थी का असली नाम ज्ञान सिंह ही है व शिक्षा अभिलेख में भी ज्ञान सिंह ही है परन्तु राजस्व रिकार्ड (गांव कच्छवीं व गांव कनहड के रिकार्ड में) में ज्ञान चन्द की जगह ज्ञान सिंह दर्ज किया जाना उचित है।

इस इश्तहार द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बारे कोई आपत्ति हो तो वह 23–3–2010 को इस न्यायालय में पेश होकर अपना उजर/एतराज पेश कर सकता है। बाद में आने पर कोई एतराज/उजर मान्य नहीं होगा। बाद में नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 23–3–2010 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर। रविन्द्र सिंह,
नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
ढटवाल स्थित बिझड़, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश।

————

ब अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

मुकद्दमा तकसीम नं0 14–9–STT तारीख पेशी : 29–3–2010

श्रीमती सवित्री देवी पुत्री श्री गुलावा पुत्र श्री गीगा, निवासी महाल सन्हू, मौजा बन्दाहू, उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा, हि0 प्र0।

बनाम

बंशी राम पुत्र व श्रीमती सिमरो देवी पुत्री श्री गुलावा, निवासी महाल सन्हू, उप–तहसील थुरल।

1. बंशी राम पुत्र, 2. श्रीमती सिमरो देवी पुत्री श्री गुलावा, निवासी महाल सन्हू, मौजा बन्दाहू, उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

विषय.––तकसीम भूमि खाता नं0 35, खतौनी नम्बर 39, खसरा नं0 कित्ता 13, रकवा तादादी 0–44–66 है0, वाक्या महाल सन्हू, मौजा बन्दाहू, उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा।

इश्तहार मुस्त्री मुनादी :

श्रीमती सवित्री देवी पुत्री श्री गुलावा पुत्र श्री गीगा, निवासी महाल सन्हू, मौजा बन्दाहू, उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा ने अदालत में खाता नं0 35 की तकसीम महाल सन्हू की दायर कर रखी है जिसमें उक्त वर्णित प्रतिवादीगण की तामील बार–बार समन जारी करने पर नहीं हो पा रही है। और न ही प्रार्थी को इनका सही पता मालूम है। प्रार्थी ने इनका सही पता प्राप्त न होने बारे अपनी असमर्थता जताई है। अतः अदालत को विश्वास हो गया है कि उक्त प्रतिवादीगण की तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है।

अतः उक्त वर्णित प्रतिवादियों को इस इश्तहार राजपत्र द्वारा सूचित किया जाता है कि वह उक्त मुकद्दमा की पैरवी हेतु असालतन या वकालतन तारीख पेशी 29–3–2010 को हाजिर अदालत होकर पैरवी मुकद्दमा करे। वाद तारीख पेशी किसी किस्म का उजर एवं एतराज नहीं सुना जावेगा व एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर अगामी आदेश पारित कर दिया जावेगा।

यह इश्तहार व मोहर अदालत से आज दिनांक 24–2–2010 को जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी,
थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

————————

ब अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

मुकद्दमा तकसीम नं0 1–2010– STT तारीख पेशी : 29–3–2010

श्री गोरख राम पुत्र श्री डौसू पुत्र श्री विरजा, निवासी महाल लाहड़ डूहक, मौजा आलमपुर, उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा, हि0 प्र0।

बनाम

भगी रथी आदि निवासी महाल लाहड़ डूहक, उप–तहसील थुरल।

1. श्रीमती भागी रथी विधवा श्री किशन, 2. वलराज, भुवनेश्वर सिंह पुत्र श्री औंकार चन्द, 3. मिनाक्षी कुमारी, रीतू पुत्रियां व श्रीमती विजय विधवा श्री राजेश्वर सिंह पुत्र श्री औंकार चन्द, 4. श्रीमती राज कुमारी, श्रीमती कन्ता देवी, श्रीमती सन्तोष कुमारी, श्रीमती श्रेष्ठा देवी पत्नी पुत्रियां व श्रीमती प्युगला वाई विधवा श्री औंकार सिंह, 5. श्री भीतो राम पुत्र श्री डौसू, 6. अश्वनी कुमार, रविन्दर कुमार पुत्रान श्री भीतो राम समस्त निवासी महाल लाहड़ डूहक, मौजा आलमपुर, उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

विषय.––तकसीम भूमि खाता नं0 5, खतौनी नम्बर 5, खसरा नं0 238, रकबा तादादी 0–21–61 है0, वाक्या महाल लाहड़ डूहक, मौजा आलमपुर, उप–तहसील, थुरल, जिला कांगड़ा।

इश्तहार मुस्त्री मुनादी :

श्री गोरख राम पुत्र श्री डौसू पुत्र श्री विरजा, निवासी महाल लाहड़ डूहक, मौजा आलमपुर, उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा ने अदालत में खाता नं0 5 की तकसीम महाल लाहड़ डूहक की दायर कर रखी है जिसमें उक्त वर्णित प्रतिवादीगण की तामील बार–बार समन जारी करने पर नहीं हो पा रही है। और न ही प्रार्थी को इनका सही पता मालूम है। प्रार्थी ने इनका सही पता प्राप्त न होने बारे अपनी असमर्थता जताई है। अतः अदालत को विश्वास हो गया है कि उक्त प्रतिवादीगण की तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है।

अतः उक्त वर्णित प्रतिवादियों को इस इश्तहार राजपत्र द्वारा सूचित किया जाता है कि वह उक्त मुकद्दमा की पैरवी हेतु असालतन या वकालतन तारीख पेशी 29–3–2010 को हाजिर अदालत होकर पैरवी मुकद्दमा करे। वाद तारीख पेशी किसी किस्म का उजर एवं एतराज नहीं सुना जावेगा व एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर अगामी आदेश पारित कर दिया जावेगा।

यह इश्तहार व मोहर अदालत से आज दिनांक 24–2–2010 को जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी,
थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

ब अदालत श्री राज कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता, द्वितीय श्रेणी, थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

मुकद्दमा तकसीम नं0 1–2010 तारीख पेशी : 28–4–2010

श्री शेखर हुसैन पुत्र श्री शेर दीन, निवासी चाहल, मौजा व उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

बनाम

आम जनता

विषय.––मुस्त्री मुनादी वराये नाम दरूस्ती ।

श्री शेखर हुसैन पुत्र श्री शेर दीन, निवासी गांव चाहल, मौजा व उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा ने अदालत में एक प्रार्थना–पत्र मय व्यान हल्फी पेश किया व आवेदन किया कि उसका नाम उसके पंचायत अभिलेख ग्राम पंचायत वटाहण व वोटर कार्ड में शेखर हुसैन दर्ज है, जबकि राजस्व अभिलेख में महाल चलाह, मौजा व उप–तहसील थुरल में गलती से जम्वू दीन दर्ज कागजात हो गया है। राजस्व अभिलेख में नाम की दरूस्ती का आदेश पारित किया जाने की अनुकम्पा करें।

अतः प्रार्थी का आवेदन स्वीकार करते हुए इश्तहार मुस्त्री मुनादी द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी के नाम दरूस्ती बारे कोई उजर व एतराज हो तो व असालतन या वकालतन तारीख पेशी 28–4–2010 को हाजिर अदालत होकर अपना उजर पेश कर सकता है। वाद तारीख पेशी किसी किस्म का उजर एवं एतराज नहीं सुना जावेगा व तारीख पेशी को प्रार्थी के नाम की दरूस्ती का आदेश पारित कर दिया जावेगा।

यह इश्तहार मोहर अदालत व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 5–3–2010 को जारी हुआ।

मोहर। राज कुमार वर्मा,
नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी,
थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

————————

ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं विवाह पंजीकरण अधिकारी थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

मुकद्दमा नं0 3–2010 तारीख पेशी : 13–4–2010

श्री अजय सूद पुत्र श्री उत्तम चन्द, निवासी गांव साई, डाकघर साई, उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

बनाम

आम जनता

विषय.–मुस्त्री मुनादी शादी पंजीकरण करने बारे।

इश्तहार मुस्त्री मुनादी :

श्री अजय सूद पुत्र श्री उत्तम चन्द, निवासी गांव व डाकघर साई, उप–तहसील थुरल, जिला कांगड़ा ने अदालत में प्रार्थना–पत्र मय व्यान हल्फी पेश किया है व आवेदन किया कि उसकी शादी अंजू सूद पुत्री श्री सन्तोष सूद, निवासी ठाकुरद्वारा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा से दिनांक 19–10–1997 को हिन्दू रीति–रिवाज से गांव साई, डाकघर साई, उपतहसील थुरल में हुई थी। परन्तु अज्ञानता के कारण शादी का पंजीकरण ग्राम पंचायत भ्रान्ता, उप–तहसील थुरल के अभिलेख में न करवाया गया है। शादी का पंजीकरण करने हेतु आदेश ग्राम पंचायत भ्रान्ता को जारी करने की अनुकम्पा करें। इस सन्दर्भ में दोनों ने अपने–अपने शपथ–पत्र भी पेश किये।

अतः प्रार्थी का आवेदन स्वीकार करते हुए इश्तहार राजपत्र हिमाचल प्रदेश द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त शादी बारे कोई उजर व एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन तारीख पेशी 13–4–2010 को सुबह 10.00 बजे हाजिर अदालत होकर अपना उजर पेश का सकता है। वाद तारीख पेशी किसी किस्म का उजर एवं एतराज नहीं सुना जावेगा व शादी पंजीकरण का आदेश प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत भ्रान्ता, उपतहसील थुरल को जारी कर दिया जावेगा।

यह इश्तहार मोहर अदालत व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 2–3–2010 को जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं विवाह पंजीकरण अधिकारी,
थुरल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

————————

ब अदालत श्री एच0 एल0 इन्दोरिया, तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

श्रीमती साहनी देवी पत्नी श्री प्रमोद सिंह, निवासी नाहलना, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश . . प्रार्थिन।

बनाम

आम जनता महाल नाहलना, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) . . प्रत्यार्थीगण।

विषय.––प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969.

श्रीमती साहनी देवी पत्नी श्री प्रमोद सिंह, निवासी महाल नाहलना, मौजा लम्बागांव, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ने अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रार्थना–पत्र मय व्यान हल्फी इस आशय से गुजारा है कि उसकी माता श्रीमती सुरमी देवी की मृत्यु तिथि 6–5–1989 को हुई है जोकि ग्राम पंचायत नाहलना के रिकार्ड में दर्ज न है, जिसे दर्ज किया जावे।

इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को बजरिया इश्तहार सूचित किया जाता है कि प्रार्थिया की माता की मृत्यु तिथि व नाम ग्राम पंचायत नाहलना के रिकार्ड में दर्ज करने पर यदि किसी को कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 20–3–2010 को असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकता है। हाजिर न आने की सूरत में मृत्यु तिथि व नाम दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 11–2–2010 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर। एच0 एल0 इन्दोरिया,
तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

ब अदालत श्री एच0 एल0 इन्दोरिया, तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

तारीख पेशी : 20–3–2010.

श्री संजीव कुमार पुत्र श्री अमीं चन्द, निवासी आलमपुर, मौजा आलमपुर, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश .. प्रार्थी।

बनाम

आम जनता महाल व मौजा आलमपुर, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) .. प्रत्यार्थीगण।

विषय.––प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969.

